संपादकीय

# सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार

देश की राजधानी के शाहदरा इलाके के नामी सरकारी अस्पताल गुरु तेग बहादुर (जीबीटी) में एक मरीज की गोलियां बरसाकर हत्या वाकई स्तब्ध करती है।

मृतक खजूसी खास की श्रीराम कॉलोनी में रहने वाला 32 साल का रियाजुद्दीन है, जो अस्पताल में पेट के संक्रमण के इलाज के लिए भर्ती था। पुलिस के अनुसार हत्यारा एक अन्य मरीज वासिम को मारने आया था। जिस पर सत्रह मामले दर्ज हैं। उसे और उसके साथी आसिफ को 12 जून को शांति चौक पर गोली मारी गई थी, जिसके इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। उसकी पत्नी ने अपने पति की जान को खतरा बताते हुए प्राइवेट रूम में शिफ्ट करने को कहा था।

रियाजुद्दीन गलत पहचान के चलते मारा गया प्रतीत हो रहा है। बहरहाल, यह सारी घटना बिल्कुल फिल्मी प्लॉट की तरह लग रही है। हत्याकांड में 3-4 लोगों के शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हैरत है, यह सब दिल्ली के व्यस्त इलाकों में हो रहा है। दिल्ली सरकार लगातार कानून-व्यवस्था को बदतर कह रही है।

अपराधियों के बुलंद होते हौसले देखकर दिल्ली पुलिस की लापरवाही तो साफ ही है। साथ ही अस्पताल के प्रशासन-व्यवस्था के काम पर संदेह होता है। हालांकि वार्ड में काफी लोगों की मौजूदगी के बावजूद कोई घायल नहीं है। यह कहना गलत नहीं होगा कि स्थिति भयावह भी हो सकती थी।

डॉक्टर तो हड़ताल पर चले गए पर मरीजों के इख्तियार में तो कुछ भी नहीं होता। जिस मासूम की जान गई है, उसके प्रति कौन जिम्मेदार होगा। हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में आ गया या उसे सजा हो गई तो भी मृतक के परिवार को न्याय कैसे दिया जा सकेगा।

हत्यारा व मृतक समान समुदाय के न होते तो अपने-अपने लाभ के लोभ में विभिन्न राजनीतिक दलों में हलचल शुरू हो चुकी होती। सरकारी आंकड़े कहते हैं देश में प्रतिदिन 75 से अधिक हत्याएं होती हैं।

बात सिर्फ इस गफलत में हुई सरेआम हत्या की नहीं है, हमें कानूनविदों, मनोविश्लेषकों, समाजशास्त्रियों व विशेषज्ञों के साथ हत्याओं के इस फैलते संक्रमण पर गंभीर विमर्श करना होगा। सुरक्षा हर नागरिक का अधिकार है, जिससे सरकार मुंह नहीं चुरा सकती। चिंता की बात यह भी है कि डॉक्टर्स इसके बाद हड़ताल पर जाने की बात कह रहे हैं, जिससे होने वाली परेशानी का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। सरकार को इस मसले पर ध्यान देना चाहिए।

# अब शेयर मार्केट से हुई कमाई पर देना होगा ज्यादा टैक्स, जानिए क्या हुआ बदलाव

नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में शेयर मार्किट से पैसा कमाने वालों को लेकर भी बड़ा ऐलान किया है। जिसके बाद मार्किट में गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स पिछली क्लोजिंग से 1270 अंक नीचे जा लुढक़ा तो निफ्टी में भी 480 अंकों की गिरावट देखने को मिली।

वित्त मंत्री ने कुछ एसेट्स पर शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन को बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया है जबकि फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल एसेट्स पर इनकम टैक्स रेट के हिसाब से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगेगा। वित्त मंत्री ने कुछ खास एसेट्स पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को भी 10 फीसदी से बढ़ाकर 12.5 फीसदी कर दिया है। जबकि लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के तहत मिलने वाली छूट की लिमिट को 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये कर दिया गया है।

फाइनेंस बिल 2024 के मुताबिक कैपिटल गेन के टैक्स नियमों का सरलीकरण करने के साथ उसे तर्कसंगत बनाया गया है। इस सरलीकरण के तीन कॉम्पोनेंट है। शार्ट टर्म कैपिटल गेन और लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन निर्धारित करने के लिए केवल 12 महीने और 24 महीने का केवल दो होल्डिंग पीरियड होगा। स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड सिक्योरिटीज के लिए 12 महीने का होल्डिंग पीरियड और दूसरे एसेट्स के लिए 24 महीना होगा। बॉन्ड, डिबेंचर और सोने के लिए होल्डिंग पीरियड को 36 महीने से घटाकर 24 महीने कर दिया गया है, जबकि अनलिस्टेड शेयर्स और इमोवेबल प्रॉपर्टी के लिए 24 महीने की ही अवधि बनी रहेगी।

इक्विटी शेयर्स, इक्विटी म्यूचुअल फंड पर पहले 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगा करता था उसे बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। फाइनेंस बिन के मुताबिक शॉर्ट टर्म कैपिचल गेन टैक्स बेहद कम है और इसका फायदा केवल हाई नेटवर्थ इंडीविजुअल को ही मिलता है।

फाइनेंस बिल के मेमोरंडम के मुताबिक लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन को सभी कैटगरी के एसेट्स के लिए 12.50 फीसदी किया गया है जो इक्विटी शेयर्स, इक्विटी म्यूचुअल फंड के मामले में 10 फीसदी था। जबकि प्रॉपर्टी के मामले में 20 फीसदी के इंडेक्सेशन के साथ 20 फीसदी एलटीसीजी लगता था। नए प्रस्ताव के मुताबिक 1.25 लाख रुपये तक लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर छूट मिलेगी। बॉन्ड डिबेंचर के मामले में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन 20 फीसदी के दर से लगा करता था। अब लिस्टेड बॉन्ड डिबेंचर के लिए इसे घटाकर 12.50 फीसदी कर दिया गया है। जबकि लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के कैलकुलेशन के लिए इंडेक्सेशन की बेनेफिट को खत्म कर दिया गया है।

# कैपिटल गेन टैक्स में बदलाव का शेयरों की खरीद-बिक्री पर क्या होगा असर?

मुंबई



आम बजट 2024 में कैपिटल गेन पर टैक्स में कई अहम बदलाव किए गए हैं। इसका असर सीधे तौर पर निवेशकों को होने वाले मुनाफे पर पड़ेगा। बजट में दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 15 प्रतिशत था। यानी अब कोई भी निवेशक 12 महीने से पहले किसी भी लिस्टेड

बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। अब निवेशकों को 12 महीने से ज्यादा समय तक होल्ड किए गए शेयरों को बेचने पर हुए मुनाफे पर 12.5 प्रतिशत टैक्स देना होगा। सरकार ने टैक्स में मामूली इजाफा करने के साथ निवेशकों को राहत भी दी है। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन में मिलने वाली टैक्स छूट को अब बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये कर दिया गया है, जो कि पहले 1 लाख रुपये थी।

फ्यूचर और ऑप्शन पर लगने वाली सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) को बढ़ाकर 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत कर दिया गया है। डेरिवेटिव सेगमेंट में ऑप्शन को सेल पर विक्रेता की ओर से 0.0625 प्रतिशत एसटीटी अदा किया जाएगा। वहीं, इस पर 0.125 प्रतिशत एसटीटी ऑप्शन खरीदार की ओर से दिया जाएगा। फाइनेंस बिल के मुताबिक, नई दरें एक अक्टूबर से लागू होंगी। वहीं, स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है, जो पहले 50,000 रुपये थी।

# पेरिस में अनुभवी ही नहीं भारत के युवा ओलंपियन भी हैं मेडल के दावेदार

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के करीब आने के साथ ही भारत में मेडल के दावेदारों की संख्या काफी बढ़ गई है। नीरज चोपड़ा, सात्विक-चिराग, मीराबाई चानू और निखत जरीन जैसे नाम तो आपने कई बार सुने होंगे, जो पहले से ही बड़ी ताकत के रूप में स्थापित हैं और अपने-अपने खेल में मेडल के प्रबल दावेदार हैं, लेकिन इस दल में ऐसे एथलीट भी हैं जो भारतीय खेल इतिहास में भविष्य की बड़ी ताकत हैं।

पेरिस में भारत के युवा ओलंपियन डेब्यू के लिए तैयार हैं। इस बार ओलंपिक में भारत की ओर से कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो प्रभावशाली प्रदर्शन करके बड़े नामों से ज्यादा सुर्खियां बटोर सकते हैं। 117 सदस्यीय दल में 47 खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्हें एक या उससे अधिक ओलंपिक खेलने का अनुभव है। इनमें पुरुष हॉकी टीम समेत पांच पदक विजेता भी शामिल हैं जबकि 70 खिलाड़ी पहली बार ओलंपिक में शिरकत करने जा रहे हैं।

# राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बताया इंडेक्सेशन हटने से कैसे लोगों को होगा फायदा

नई दिल्ली



सरकार की ओर से आम बजट 2024 में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन कैलकुलेशन में इंडेक्सेशन हटाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसे लेकर निवेशकों में दुविधा की स्थिति बनी हुई है कि आखिरी इससे फायदा होगा या नुकसान। इस पर देश के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने एक कार्यक्रम में कहा कि इससे ज्यादातर निवेशकों को फायदा होगा।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने 2005 में कोई प्रॉपर्टी 20 लाख रुपये की खरीदी होगी और वह प्रॉपर्टी आज के समय में अगर 2 करोड़ रुपये की बिकती है और इंडेक्सेशन का लाभ लेते हैं तो उस पर कैपिटल गेन करीब 1.40 करोड़ रुपये बनता है। इस पर 20 प्रतिशत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगा दें, तो करीब 28 लाख रुपये का टैक्स बनता है।

वहीं, नए प्रस्ताव के तहत कुल कैपिटल गेन 1.80 करोड़ होगा। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 12.5 प्रतिशत लगाने पर कुल 22.5 लाख रुपये का टैक्स देना होगा।

सचिव ने आगे कहा कि निवेशकों को यहां देखना होगा कि सरकार ने एक तरफ इंडेक्सेशन हटाया है, साथ ही प्रॉपर्टी पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन को 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। इससे अधिकतर लोगों को फायदा होगा।

बता दें, सरकार ने बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी है। 10 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स को 10 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है, जो कि पहले 50,000 रुपये था।

# भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार हैं लेडी सहवाग के नाम से मशहूर शेफाली वर्मा

नई दिल्ली



महिला एशिया कप 2024 में सात बार की चैंपियन भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इसमें सबसे बड़ा योगदान रहा सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का। उन्होंने नेपाल के खिलाफ 48 गेंद में 81 रन की आतिशी पारी के दौरान एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

हरियाणा के रोहतक से आने वाली शेफाली वर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी क्षमता अद्भुत है। महिला क्रिकेट में उनका बेखौफ अंदाज देखकर उनकी तुलना पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग से भी की जाती है। वीरेंद्र सहवाग और शेफाली वर्मा दोनों हरियाणा से हैं।

दोनों ही खतरनाक सलामी बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। साथ ही जिस तरह से कदमों का इस्तेमाल शेफाली करती हैं, वो सहवाग जैसा ही है। महिला एशिया कप 2024 में भी उनका बेखौफ अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है। नेपाल के खिलाफ तूफानी पारी के बाद टूर्नामेंट में उनका नाम शीर्ष स्कोरर की लिस्ट में टॉप पर है।

टीम इंडिया ने मंगलवार को नेपाल को 82 रन के अंतर से हराया। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इस मैच की हीरो पूरी तरह से शेफाली रही हैं, उन्होंने 48 गेंद में 12 चौके और एक छक्के की मदद से 81 रनों की पारी खेली है। यह एक ऐसी पारी थी जिसने नेपाल की गेंदबाजों को कोई मौका ही नहीं दिया। शेफाली का साथ हेमलता ने दिया जिन्होंने 42 गेंद में 47 रनों की पारी खेली थी।

प्लेयर ऑफ द मैच रही शेफाली ने इस मैच में वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। शेफाली वर्मा का टी20 इंटरनेशनल में यह 10वां अर्धशतक है। शेफाली ने तूफानी अर्धशतकीय पारी खेलकर एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

20 साल की शेफाली महिला टी20 इंटरनेशनल में 20 या उससे कम की की उम्र में 10 या उससे ज्यादा पचास प्लस का स्कोर बनाने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। ऐसा कर शेफाली ने महिला टी 20 इंटरनेशनल में विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

# नेपाल को 82 रन से रौंदकर भारत ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

**महिला एशिया कप**

दांबुला

शैफाली वर्मा के धुआंधार 81 रन (48 गेंद) के बाद फिरकी गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने मंगलवार को यहां रनगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में महिला एशिया कप के ग्रुप ए मैच में नेपाल को 82 रनों से रौंदकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया।

नेपाल की टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी जीत की स्थिति में नहीं दिखी। उसने दूसरे ओवर में अरुंधति रेड्डी की गेंद पर सलामी बल्लेबाज समझना खडक़ा (7) को आउट कर दिया। सीता राणा मगर और कबिता कुंवर ने पावर-प्ले में टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन रेड्डी ने पांचवें ओवर में कुंवर (6) को आउट कर टीम को एक और झटका दिया।

सीता और कप्तान इंदु बर्मा ने वापसी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 22 रन जोड़े। राधा यादव ने इंदु बर्मा का विकेट लेकर इस साझेदारी को तोड़ दिया और 9.2 ओवर में श्रीलंका का स्कोर 43/3 हो गया।

सीता ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सकीं। अगले ओवर में रेड्डी ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। नेपाल ने 11 ओवर के अंदर अपनी आधी टीम खो दी जबकि जीत के लिए उस समय 120 से अधिक रन चाहिए थे।

चौदहवें ओवर में दीप्ति शर्मा ने तीन गेंदों के अंतराल में रुबीना छेत्री (15) और कबिता जोशी (0) को पवेलियन भेज दिया। नियमित अंतराल पर नेपाल के विकेट गिरते रहे और 20 ओवर में वह 96/9 ही बना सका। भारत के लिए दीप्ति ने अपने चार ओवर में 3-13 के आंकड़े के साथ वापसी की, जबकि रेड्डी और राधा ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले, शैफाली वर्मा के शानदार अर्धशतक और दयालन हेमलता के 47 रनों की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए 178/3 का स्कोर बनाया। शैफाली और हेमलता ने मैच की शुरुआत से ही कोई दया नहीं दिखाई। शैफाली ने पहले ओवर में कबिता कुंवर के खिलाफ दो चौके लगाकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए। उन्होंने एक छोर से आक्रमण जारी रखा, जबकि हेमलता ने दूसरे छोर को मजबूती से संभाले रखा।

# राघव जुयाल, धैर्य कारवा की ग्यारह ग्यारह की रिलीज डेट से उठा पर्दा

**जी5 पर होगी स्ट्रीम**




करण जौहर आने वाले दिनों एक से बढक़र एक फिल्में दर्शकों के बीच पेश करने वाले हैं। उनकी एक वेब सीरीज भी काफी समय से लोगों के बीच चर्चा में है, जिसका नाम है ग्यारह ग्यारह।इस सीरीज में राघव जुयाल और धैर्य कारवा मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। ऐलान के बाद से ही दर्शक इसे लेकर उत्साहित थे और अब इस सीरीज की रिलीज तारीख सामने आ गई है।आइए जानते कब और कहां रिलीज होगी ग्यारह ग्यारह।

सीरीज से राघव और धैर्य की पहली झलक भी सामने आ गई है। करण के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पोस्टर के साथ रिलीज तारीख का ऐलान करते हुए लिखा, क्या होता है जब 2 दुनिया ग्यारह ग्यारह में जुड़ती हैं? जी5 पर 9 अगस्त को खुलेगा रहस्य।करण जानी-मानी निर्माता गुनीत मोंगा के साथ मिलकर यह सीरीज बना रहे हैं।कृतिक कामरा भी इस सीरीज में अहम भूमिका निभा रही हैं। उमेश बिष्ट ग्यारह ग्यारह के निर्देशक हैं।

उमेश ने कहा, मेरे लिए यह बिल्कुल असाधारण यात्रा रही है। मैं करण जौहर और गुनीत मोंगा जैसी हस्तियों के साथ काम करके बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे शो के जरिए दर्शकों को एक रोमांचक कहानी का स्वाद मिलेगा, जो समय को आपस में जोड़ती है। इसमें सस्पेंस, ड्रामा, रोमांच समेत वो सब कुछ है, जो एक एंटरटेनर फिल्म में होता है। मैं जी5 पर सीरीज के प्रीमियर को लेकर उत्साहित हूं।

# अश्विन बाबू की फिल्म शिवम भजे की रिलीज डेट हुई अनाउंस, 1 अगस्त को सिनेमाघरों देगी दस्तक




एक्शन से भरपूर गर्मी के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि अश्विन बाबू की आने वाली फिल्म शिवम भजे 1 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। हाल ही में समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हिडिम्बा में अभिनय करने वाले अभिनेता इस एक्शन ड्रामा में पहले कभी न देखे गए अवतार से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं।

फिल्म के प्रोमो में अश्विन के गहन परिवर्तन की झलकियाँ पहले ही दिखाई जा चुकी हैं, जिससे प्रशंसक और अधिक देखने के लिए उत्सुक हैं। उनके साथ, फिल्म में प्रमुख महिला के रूप में दिगंगना सूर्यवंशी हैं, जिसमें लोकप्रिय कॉमेडियन हाइपर आदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस फ़िल्म में बॉलीवुड स्टार अरबाज खान मुख्य खलनायक की भूमिका में नज़र आएंगे, जो तेलुगु सिनेमा में उनकी पहली फ़िल्म होगी।

# मंडे टेस्ट में फेल हुई बैड न्यूज, फिर भी 30 करोड़ का आंकड़ा किया पार



विक्की कौशल स्टारर लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'बैड न्यूज' दर्शको को फुल एंटरटेनमेंट की डोज दे रही है. इस फिल्म की रिलीज से पहले ही काफी बज बन गया था जिसके चलते इसकी अच्छी प्री टिकट सेल भी हुई थी. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद तो 'बैड न्यूज' ने दर्शकों का दिल जीत लिया और इसने पहले दिन शानदार ओपनिंग की. वहीं वीकेंड पर फिल्म की कमाई में अच्छी-खासी तेजी देखी गई और इसने छप्परफाड़ कलेक्शन किया. चलिए यहां जानते हैं 'बैड न्यूज' का मंडे टेस्ट का रिजल्ट कैसा रहा है?

विक्की कौशल साल की अपनी पहली रिलीज फिल्म 'बैड न्यूज' को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. आनंद तिवारी निर्देशित इस फिल्म में तृप्ति डिमरी, एमी विर्क और नेहा धूपिया भी मुख्य भूमिका में हैं. फिल्म विक्की और तृप्ति की जबरदस्त केमिस्ट्री और थिरकाने वाले गानों के साथ काफी लोगों का ध्यान खींचने में कामयाब रही है. इसी के चलते 'बैड न्यूज' को सिनेमाघरों में भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की शुरुआत को अच्छी रही ही थी वहीं वीकेंड पर 'बैड न्यूज' ने बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया.

'बैड न्यूज' की कमाई की बात करें तो फिल्म ने 8.3 करोड़ से खाता खोला था. इसके बाद इसने दूसरे दिन 23.49 फीसदी की तेजी के साथ 10.25 करोड की कमाई की और तीसरे दिन 'बैड न्यूज' का कलेक्शन 8.78 फीसदी के उछाल के साथ 11.15 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब 'बैड न्यूज' की रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बैड न्यूज' ने रिलीज के चौथे दिन यानी पहले मंडे को 3.5 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'बैड न्यूज' का 4 दिनों का कुल कलेक्शन अब 33.2 करोड़ रुपये हो गया है.

'बैड न्यूज' की कमाई में मंडे को बेशक गिरावट आई है और वीकडेज में ऐसा होना नॉर्मल है. हालांकि इस फिल्म ने साल 2024 की कई फिल्मों को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है.

# शब्द सामर्थ्य- 128

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 127 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू- 128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.127 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धन लाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा।

***वृष:*** आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, अचानक धन लाभ होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज आप दूसरों को अपनी बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे।

***कर्क:*** आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले शुरू किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा, साथ ही सकारात्मक परिणाम भी मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें।

***सिंह:*** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें।

***कन्या:*** आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेंगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बातें सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी।

***तुला:*** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा।

***वृश्चिक:*** आज का दिन अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे हैं तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है।

***मकर:*** आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें।

***कुंभ:*** आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा।

***मीन :*** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीजें सुधर रही हैं। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे।